हिंदी दैनिक

**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 6 मार्च 2025


## विकास ठाकरे ने बांधकाम मंडल की योजना में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**नागपुर.** विधानसभा चुनाव के पूर्व राज्य भर में बांधकाम मंडल ने निर्माण क्षेत्र से जुड़े मजदूरों और कामगारों को किट का वितरण किया गया। जिसका मकसद निर्माण क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों की सहायता करना था। हालांकि, इस योजना पर पश्चिम नागपुर विधायक विकास ठाकरे ने बड़ी अनियमितता का आरोप लगाया है। बुधवार को विधानसभा में मुद्दा उठाते हुए ठाकरे ने कहा कि, योजना के तहत उन लोगों को भी सामग्री वितरित की गई जो श्रमिक नहीं थे। इसी के साथ कांग्रेस विधायक ने योजना में भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए राज्य सरकार से जवाब माँगा है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त लाभार्थियों की सूची का हवाला देते हुए ठाकरे ने कहा कि इस सूची में सूचीबद्ध अधिकांश लाभार्थी निर्माण श्रमिक नहीं हैं और उनका उनसे कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि इससे इस योजना के तहत भ्रष्टाचार उजागर हो गया है।

# नागपुर में एसटी कर्मचारियों का प्रदर्शन, सरकार पर धोखा देने का आरोप

**नागपुर.**



राज्य सरकार की घोषणा के बाद भी राज्य परिवहन निगम एसटी के कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिली है। बुधवार को राज्य भर में एसटी कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इसी के तहत उपराजधानी नागपुर के गणेशपेठ स्थित एसटी डिपो के बाहर प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र एसटी वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए रुकी हुई रकम देने की मांग की। वहीं मांग नहीं मानने पर हड़ताल पर जाने की चेतवानी भी दी। महाराष्ट्र एसटी वर्कर्स एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष अजय हट्टेवार ने कहा कि, "यह विरोध प्रदर्शन नागपुर डिवीजन के सभी आठ डिपो, डिवीजनल वर्कशॉप और डिवीजनल कार्यालयों में श्रमिकों के अधिकारों के लिए किया जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "सरकार ने एसटी कर्मचारियों को पांच माह पहले दी गई वेतन वृद्धि में उल्लिखित अवधि के अनुसार वेतन वृद्धि नहीं दी है।"

> हट्टेवार ने आगे कहा, "विभिन्न संगठनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के साथ निगम और सरकार के साथ हुई चर्चा के अनुसार, सरकार ने अप्रैल 2020 से वेतन वृद्धि की घोषणा की, लेकिन वास्तविक भुगतान अप्रैल 2024 से किया गया और एसटी श्रमिकों के साथ धोखा किया गया। इसके साथ ही कई अन्य मांगें भी लंबित हैं। इसलिए एसटी कर्मचारियों को न्याय के अपने अधिकार के लिए यह विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है।" हट्टेवार ने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार और एसटी निगम ने तत्काल मांगें नहीं मानीं तो भविष्य में यह विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा।

**एसटी श्रमिकों की मांगें क्या हैं?**

2016-2020 में हुए एकतरफा समझौते से बची हुई राशि निगम द्वारा वितरित की जाए, एसटी कर्मचारियों को 2018 से महंगाई भत्ते का बकाया दिया जाए, सरकारी कर्मचारियों के अनुसार महंगाई भत्ते में 53 प्रतिशत की वृद्धि दी जाए, समझौते के अनुसार 3 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि का बकाया दिया जाए, श्रम समझौते के अनुसार 8 प्रतिशत, 16 प्रतिशत, 24 प्रतिशत मकान किराया भत्ता का बकाया दिया जाए, दमनकारी अनुशासन व आवेदन प्रणाली को समाप्त कर नई प्रणाली शुरू की जाए, यात्री किराया पहले की तरह 5 रुपए के गुणकों में बढ़ाया जाए सहित अन्य कुल 16 मांगें प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकार से की जा रही हैं।

## नगर आयुक्त ने राजनगर क्षेत्र का किया दौरा

### > नागरिकों की समस्याएं सुनीं

**नागपुर.**



नागपुर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने बुधवार (5 तारीख) को राजनगर क्षेत्र का दौरा किया और नागरिकों की समस्याओं के बारे में जाना। इस बार उन्होंने क्षेत्र के पार्क का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी, उपायुक्त (पार्क विभाग) मंगलवार को जोन के उपायुक्त गणेश राठोड, पार्क अधीक्षक अशोक गराटे, अमोल चौरापगर, कार्यपालन यंत्री सुनील उइके, कार्यपालन अभियंता (रियल एस्टेट) पंकज पाराशर उपस्थित थे। जीतू गोपलानी ने आयुक्त के ध्यान में लाया था, कि राजनगर क्षेत्र के शिर्के लेआउट और सुराना लेआउट क्षेत्रों में सीवर लाइनों की कमी के कारण नागरिकों को मानसून के दौरान बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आयुक्त ने राजनगर में शिर्के लेआउट और सुराना लेआउट का दौरा कर इन क्षेत्रों में सीवर लाइन की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा ग्रीन पार्क और सुंदर वन पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने यहां नागरिकों से चर्चा की। नागरिकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

आयुक्त ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि जेआईसीए परियोजना के तहत डीपीआर को मंजूरी दी जाएगी तथा इस क्षेत्र में शीघ्र ही सीवर लाइन बिछाई जाएगी। आयुक्त ने यह भी अपील की कि हरे-भरे पार्क, सुंदर वन और अन्य छोटे पार्कों के लिए संगठनों को पहल करनी चाहिए और नगर निगम को ऐसे संगठनों के साथ समझौता करना चाहिए और उन्हें रखरखाव और मरम्मत के लिए ये पार्क प्रदान करने चाहिए। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. ने पार्कों में प्रकाश व्यवस्था, बंद पड़े पार्कों के स्वामित्व की जांच, पार्कों में नियमित साफ-सफाई रखने का भी ध्यान रखा जाए, अभिजीत चौधरी ने निर्देश दिए।

इस अवसर पर जीतू गोपालानी, विजय नायडू, रूपचंद गोपलानी, नीरज गुप्ता, सुनील फुलझेले, जितेन्द्र पाल सिंह, रूमी धवन और अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

# नागपुर शहर पुलिस दल का ऐतिहासिक प्रदर्शन

### राज्य पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में 15 पदकों पर कब्जा

**नागपुर.**

हाल ही में ठाणे शहर के साकेत मैदान में आयोजित 35वीं महाराष्ट्र राज्य पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में नागपुर शहर पुलिस दल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत, 9 कांस्य) जीतकर इतिहास रच दिया। इस प्रतियोगिता में सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशासन) शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन में नागपुर पुलिस के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन किया।

**पदक विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह** : 04 मार्च 2025 को पुलिस आयुक्तालय, नागपुर शहर में पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए खेलों में निरंतरता, फिटनेस और जीतने की इच्छाशक्ति पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए नए जिम और सिंथेटिक ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पुलिस के सारे आला अधिकारी व खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशासन) शालिनी शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पुलिस निरीक्षक (मानव संसाधन) अनिल कुरडकर ने किया।

**पदक विजेता खिलाड़ी और उनकी उपलब्धियां**

**स्वर्ण पदक :** महिला बास्केटबॉल टीम पॉवरलिफ्टिंग (84 किग्रा) – अर्चना नाडार, वु-शु (60 किग्रा, पुरुष) – विरेशकुमार बागडे, बॉक्सिंग (69 किग्रा, महिला) – प्रेरणा सिडाम.

**रजत पदक :** पुरुष फुटबॉल टीम, महिला बॉडीबिल्डिंग – प्रणाली हर्षे

**कांस्य पदक :** पुरुष बॉडीबिल्डिंग – विकांत गोडबोले, **महिला कबड्डी टीम**, **पुरुष** खो-खो टीम, **पुरुष** वॉलीबॉल टीम, **कुश्ती** (57 किग्रा, पुरुष) – पोपट बिक्कड़, **कुश्ती** (79 किग्रा, पुरुष) – अक्षय मगर, वु-शु (56 किग्रा, पुरुष) – मेघा डेहनकर, 100 मीटर दौड़ – निता शेंडे, 200 मीटर दौड़ – निता शेंडे

## कोराडी में बुजुर्ग हत्या मामले में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** कोराडी थाना अंतर्गत 65 वर्षीय बुजुर्ग हत्या मामले में पुलिस ने आखिर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के एक हफ्ते बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्यारा आरोपी नाबालिग है। आरोपी मूलतः मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का निवासी है और कोराडी परिसर में सेंट्रिंग का काम करता है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक के साथ अनैतिक कृत्य करने का प्रयास कर रहा था, जहां खुद को बचने के लिए नाबालिग ने बुजुर्ग की हत्या कर दी। और मौके से फरार हो गया।

ज्ञात हो कि, 26 फ़रवरी को कोराडी थाना क्षेत्र के दुर्गानगर निवासी 65 वर्षीय पापा मड़ावी की उनके घर में हत्या कार दी गई थी। वहीं शाम को जब उनकी पत्नी घर लौटी तो वारदात सामने आई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी मृतक के घर से 200 मीटर की दुरी पर स्थित एक निर्माणाधीन ईमारत में काम करता है। मृतक ने पापा मड़ावी अपने घर के सामने की सड़क की मरम्मत करने के लिए आरोपी नाबालिग से संपर्क किया था। इसी के तहत घटना वाले दिन मृतक ने नाबालिग को फ़ोन कर अपने घर बुलाया।

## सोशल मीडिया पर रील वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**नागपुर.**

जेल से रिहा होने के बाद गाड़ियों के काफिले में निकाल कर रील बनाने वाले कुख्यात गुंडे सुमित ठाकुर के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। बता दे कि सुमित ठाकुर ने अपने साथियों के साथ जरिपटका परिसर में दो युवकों को अगवा कर उन्हें गंभीर रूप से घायल किया था और बाद में पीड़ितों को धमकी देकर मामला वापस लेने का भी दबाव डाला था। इस मामले में मोकोका के तहत कार्रवाई कर उसे उसके साथियों को जेल भेजा गया था। 2 मार्च को ही सुमित ठाकुर की जेल से रिहाई हुई। तब उसे लेने के लिए कई अपराधी जेल भी पहुंचे। वहां से कारों के काफिले में वह साथियों के साथ रवाना हुआ। इस दौरान उसके साथियों ने इसका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस रील का पता चलते ही क्राइम ब्रांच हरकत में आई और उसने बीती रात सुमित ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ साइबर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले कुख्यात अपराधी राजा गौस से पुणे के कुख्यात गैंगस्टर गजा मारने ने मुलाकात की थी। दोनों ने इंस्टाग्राम पर साथ मिलकर रील्स बनाए। यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसलिए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## ट्रक ने युवक को रौंदा मौके पर ही मौत

**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। सोमवार रात करीब 11:30 बजे मार्टिन नगर पुल के पास विकास चंद्रशेखर बोरकर (32) पैदल जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विकास को तत्काल मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों की शिकायत पर जरीपटका पुलिस थाने में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## तेज रफ्तार स्कूल बस की टक्कर से महिला की मौत

**बस चालक पर मामला दर्ज**

**नागपुर.**

पारडी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार दोपहर 12:15 बजे के करीब नागेश्वर नगर, पोल्ट्री फॉर्म के पास घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिपत रामाजी उमाटे (61) अपनी पत्नी मंगला उमाटे (51) के साथ सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल से कलमना मार्केट जा रहे थे। इसी दौरान दास बाबू हार्डवेयर के पास सामने से आ रही स्कूल बस के चालक ने बस को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मंगला उमाटे सड़क पर गिर गईं और बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें भवानी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेयो अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फरियादी महिपत उमाटे की शिकायत पर पारडी पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक इंगळे कर रहे हैं।

# नगर निगम मुख्यालय में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका मुख्यालय के सिविल लाइन्स कार्यालय में तोड़फोड़ करने और पानी की टंकियों को नष्ट करने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ उक्त पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

नगर निगम की ओर से सहायक आयुक्त श्याम कापसे ने उक्त पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। नगर निगम की शिकायत के आधार पर वसीम लाला, उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी मोमोनपुरा नागपुर, प्रमोद ठाकुर, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी पेंशन नगर, पुलिस लाइन टाकली, नागपुर, ओम तिवस्कर, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी पेंशन नगर, पुलिस लाइन टाकली, नागपुर, समीर रॉय, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी गिट्टीखदान, काटोल रोड नागपुर, मिलिंद दुपारे, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवास रघुजीनगर, नागपुर, लंकेश उके, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी उक्त पुलिस स्टेशन में उत्तर नागपुर के छह लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (3), 189 (2) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम-1951 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार दिनांक 4 मार्च 2025 को प्रातः 11.30 से 12.30 बजे के मध्य पश्चिम नागपुर विधायक विकास ठाकरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित नागपुर महानगरपालिका मुख्यालय पर रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया और शहर में विभिन्न समस्याओं तथा नगरपालिका के गैर-जिम्मेदार प्रबंधन का आरोप लगाया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस मौजूद थी। विरोध प्रदर्शन के बाद विधायक विकास ठाकरे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त आयुक्त अजय चारथानकर से चर्चा करने गया। अपर आयुक्त से चर्चा के बाद प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक वक्तव्य सौंपा। दोपहर करीब 12.10 बजे जब सभी कार्यकर्ता जा रहे थे, तब वसीम लाला, प्रमोद ठाकुर, ओम तिवस्कर, समीर रॉय, मिलिंद दुपारे और लंकेश उके ने सबसे पहले नगर निगम मुख्यालय भवन के मुख्य द्वार के सामने गमले तोड़े और फिर मुख्यालय हॉल के मुख्य द्वार पर लगे गमलों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा, उपरोक्त सभी ने पुलिस मार्च पर सरकार के प्रतिबंध का उल्लंघन किया। इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने उपरोक्त छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नगर निगम महिला उद्यमी सम्मेलन का उत्साहपूर्वक शुभारंभ

**नागपुर.**





शहर में महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के कौशल को गुंजाइश देने के उद्देश्य से नागपुर महानगरपालिका के सामाजिक विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला उद्यमी सम्मेलन का उद्घाटन बुधवार, 5 मार्च, 2025 को रेशिमबाग में विभागीय आयुक्त माधवी खोड़े ने किया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. गिरीश चंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। अभिजीत चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल, उपायुक्त डा. रंजना लाडे, सहायक संचालक नगरीय नियोजन ऋतुराज जाधव, जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी उपस्थित थे। महिला उद्यमी सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर विभागीय आयुक्त माधवी खोड़े ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रगति का मंत्र देते हुए कहा कि अपना खुद का ब्रांड बनाएं, अपना खुद का ब्रांड बाजार में उतारें और अपने उत्पादों को पूरी दुनिया में पहुंचाएं, जिससे नागपुर का नाम दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचे। उन्होंने हमारे उत्पादों में नवीनता लाने की भी अपील की।

**कार्यक्रम का संचालन वृषाली देशपांडे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शारदा भुसारी ने दिया।**

**'महाराष्ट्र का लोक आंदोलन': मराठी संस्कृति का जागरण**

महिला उद्यमियों के सम्मेलन के उद्घाटन के बाद, 'महाराष्ट्राची लोकधारा' नामक मराठी थीम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मराठी गीत, अभंग, गोंधल, धंगर नृत्य और गणपति भजन प्रस्तुत किए गए। सचिन डोंगरे, अनिल पालकर और उनके समूह ने अपनी कला प्रस्तुत की।

**महिलाओं के कौशल के लिए एक स्थायी मंच प्रदान करने का प्रयास: डॉ. अभिजीत चौधरी**

नागपुर नगर निगम ने स्वयं सहायता समूहों और व्यक्तिगत व्यवसायों में लगी महिलाओं की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया है। यह समागम नगर निगम द्वारा नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा था, लेकिन कोविड के कारण इसमें व्यवधान आया। मुझे खुशी है कि नगर निगम छह साल बाद फिर से महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। अगले सात दिनों तक यहां विभिन्न उत्पादों की धूम रहेगी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयुक्त ने नागपुर शहर के निवासियों से अपील की कि वे महिला उद्यमियों की बैठक में आएं और उन महिलाओं को प्रोत्साहित करें जो उद्यमी बनने का प्रयास कर रही हैं।

**पैकेजिंग और मार्केटिंग में महिलाओं को प्रशिक्षण: आंचल गोयल**


नागपुर नगर निगम ने स्वयं सहायता समूहों और व्यक्तिगत व्यवसायों में लगी महिलाओं की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया है। यह समागम नगर निगम द्वारा नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा था, लेकिन कोविड के कारण इसमें व्यवधान आया। मुझे खुशी है कि नगर निगम छह साल बाद फिर से महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। अगले सात दिनों तक यहां विभिन्न उत्पादों की धूम रहेगी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयुक्त ने नागपुर शहर के निवासियों से अपील की कि वे महिला उद्यमियों की बैठक में आएं और उन महिलाओं को प्रोत्साहित करें जो उद्यमी बनने का प्रयास कर रही हैं।


## 11 मार्च तक विभिन्न प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

6 मार्च को महिला उद्यमियों की बैठक में गज़ल संध्या कार्यक्रम प्रसन्ना जोशी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 7 मार्च को सचिन डोंगरे ग्रुप और अवंती काटे ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागपुर महानगरपालिका की स्थापना के अमृत महोत्सव के अवसर पर एक फैशन शो का आयोजन किया गया है।

9 मार्च को ऋषिकेश रानाडे और उनकी टीम द्वारा 'लाइव इन कॉन्सर्ट' का आयोजन किया गया है। 10 मार्च को श्री. राजेश चिटनीस और उनका समूह हिंदी और मराठी गीतों के जीवंत कार्यक्रम के साथ-साथ हास्य तड़का कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

11 मार्च को श्रेया खरभे और उनकी टीम द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित गीतों का कार्यक्रम निश्चय महामेरु प्रस्तुत किया जाएगा। महिला उद्यमियों का सम्मेलन 11 मार्च को समाप्त होगा।




88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com


CMYK

# भानेगांव में चोर एटीएम मशीन ही उखाड़ ले गए

## > वारदात सीसीटीवी में कैद

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता में डर का माहौल है। ताजा मामला भानेगांव स्थित पारशिवनी मार्ग का है, जहां अज्ञात चोर एक एटीएम मशीन को ही उखाड़कर ले गए। यह वारदात बुधवार सुबह 5:30 बजे सामने आई।

मिली जानकारी के अनुसार, फिर्यादी निलेश राऊत के भानेगांव टी-प्वाइंट पर स्थित कॉम्प्लेक्स में वाकरंगी कंपनी का एक एटीएम मशीन लगा हुआ था। मंगलवार रात करीब 3 बजे तीन अज्ञात चोर वहां पहुंचे। चोरों ने पहले कॉम्प्लेक्स के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे पर काले रंग का स्प्रे किया और एक कैमरे की इलेक्ट्रिक वायर भी काट दी, लेकिन अन्य कैमरों में उनकी पूरी हरकत कैद हो गई।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, रात 2:30 बजे एक सफेद रंग की मैक्स गाड़ी कॉम्प्लेक्स के सामने आकर रुकी। गाड़ी में तीन चोर थे, जिनमें से दो ने अपने मुंह पर सफेद कपड़ा बांधा हुआ था और एक गाड़ी में ही बैठा रहा। मौका देखकर चोरों ने एटीएम मशीन उखाड़कर गाड़ी में लोड की और पारशिवनी मार्ग से फरार हो गए। सुबह 5 बजे जब फिर्यादी निलेश राऊत मॉर्निंग वॉक के लिए निकले, तो उन्होंने देखा कि एटीएम मशीन गायब थी। तुरंत ही उन्होंने पुलिस को 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी। खापरखेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, स्थानिक अपराध शाखा, पारशिवनी और खापरखेड़ा पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।








फिर्यादी निलेश राऊत ने नवंबर 2024 में वाकरंगी कंपनी से एटीएम मशीन की एजेंसी ली थी। एटीएम में कैश लोड करना और उसकी देखरेख कमीशन बेस पर की जाती थी। 4 मार्च को मशीन में 1,72,000 रुपए लोड किए गए थे, जिसमें से ग्राहकों द्वारा 1,29,700 रुपए निकाले जा चुके थे। चोरी के समय मशीन में 42,300 रुपए बाकी थे। वहीं, मशीन की कुल कीमत 2,52,300 रुपए थी।

### एटीएम की सुरक्षा राम भरोसे

इस घटना ने क्षेत्र में एटीएम सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के अनुसार, एटीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए गार्ड की नियुक्ति अनिवार्य है, लेकिन अधिकतर एटीएम बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के ही चल रहे हैं। ऐसे में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस अब इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य जांच विशेष कार्यक्रम

## > उमरेड सं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

**उमरेड.**

ग्रामीण अस्पताल उमरेड अंतर्गत आरबीएसके 2.0 इस विशेष जांच अभियान का उद्घाटन नगर परिषद प्राथमिक स्कूल दुर्गापूर में संपन्न हुआ. विद्यार्थी, शिक्षक तथा अतिथियों ने सर्वप्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन पुणे में राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार द्वारा किया गया. उसे स्कूल में भव्य स्क्रीन पर लाईव देखा गया.

इसके उपरांत उमरेड तहसील में अभियान का का उद्घाटन तहसील स्वास्थ्य अधिकारी संदीप धरमठोक द्वारा किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के मुख्याध्यापक अरुण वाघमारे ने की. कार्यक्रम का संचालन सुनील दाभडिकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मिनल तीर्थगिरीकर ने किया. कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शन वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. प्रभाकर वंजारी थे. कार्यक्रम के सफलतार्थ आरबीएसके टीम की डॉ. वृंदा सालुंके, डॉ. जयंत चोपकर, डॉ. देवांश परमार, अंजना लोहारे का महत्वपूर्ण सहभाग रहा. स्कूल के अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने भी सहयोग किया. उद्घाटन पश्चात उपस्थित सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा मार्गदर्शन भी किया गया.

# गुमथाला गांव विकास के लिए सदैव सहयोग करूंगा: मंत्री बावनकुले

**कामठी.**

राजस्व मंत्री व पालकमंत्री मंत्री, चंद्रशेखर बावनकुले ने गुमथाला ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमि - पूजन के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन निधि उपलब्ध करवाकर गुमथाला गांव के लिए के लिए सदैव सहयोग करता रहूंगा।



उपरोक्त भूमिपूजन कार्यों में राजस्व मंत्री, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने अपने निधि से गुमथाला से झूल्लर तक सीमेंट रोड निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ रुपए, गणपति नगर से गुमथाला अफ़रोज़ तक सीमेंट रोड निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ रुपए, संत तुकाराम कौशल्य समाज भवन निर्माण कार्य के लिए सत्तर लाख रुपए मंजूर करवाए। इस मौके पर पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, नागपुर ज़िला भाजपा महामंत्री अनिल निधान, कामठी भाजपा अध्यक्ष उमेश रडके, पंचायत समिति सदस्य पूनम मालोदे, योगेश डाफ, किरण राऊत, सरपंच प्रणाली डाफ, उपसरपंच महेश काकडे, कडोली सरपंच लक्ष्मण करारे, भोवरी सरपंच ऋषी भेंडे, गादा सरपंच सचिन डांगे, चंद्रकांत निंबुलकर, लोकेश माळोदे, लीलाधर डाफ, चंद्रशेखर डाफ, विठोबा डाफ, विशाल काशीमकर, संतोष माळोदे, गजानन भाकरे, पंकज राऊत, प्रशांत चोपडे, ग्रामपंचायत ग्रामविकास अधिकारी पंकज वांढरे, ग्रामपंचायत सदस्य मनोहर आगलावे, कोमल तट्टे, आकाश डाफ, मीना डाफ, कविता डाफ, सीमा चौरे, पिंकी मोहोळ, रेखा भोयर, पुलिस पाटील प्रवीण निंबुळकर आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रास्ताविक योगेश डाफ एवं संचालन ग्रामविकास अधिकारी पंकज वांढरे तथा आभार प्रदर्शन उपसरपंच महेश काकडे ने व्यक्त किया।

### लॉज में चल रहे अवैध हुक्का पार्लर पर छापा, संचालक गिरफ्तार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच की यूनिट क्र. 2 की टीम ने अंबाझरी थाना क्षेत्र में तमाशा लॉज रामनगर पर छापा मारकर अवैध रूप से तंबाकू युक्त हुक्का पार्लर के संचालक को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में करीब 19,350 रुपये का हुक्का सामग्री जब्त की गई। जानकारी के अनुसार 3 मार्च 2025 की रात करीब 10 बजे अपराध शाखा यूनिट क्र. 2 की टीम अंबाझरी थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी।

इस दौरान उन्हें रामनगर स्थित तमाशा लॉज में प्रतिबंधित तंबाकू युक्त हुक्का परोसे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत लॉज पर छापा मारा और ब्रिजेश बद्रीप्रसाद पाल (33 वर्ष), न सावनेर, डब्लूसीएल क्वार्टर, निवासी को ग्राहकों को हुक्का परोसते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 223 तथा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत महाराष्ट्र संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 4(A) और 21(A) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# किसानों के विकास के लिए पांधन सड़क विकास प्राधिकरण की मांग

### कोंढाली क्षेत्र में पांधन सड़कों के निर्माण की आवश्यकता

## > समृद्धि मार्ग की तर्ज पर किसानों की समृद्धि के लिए पीआरडीए की स्थापना हो





**कोंढाली.**

महाराष्ट्र में नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग और नागपुर-गोवा शक्ति पीठ समृद्धि राजमार्ग का निर्माण अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। हालांकि, किसानों की समृद्धि को लेकर केंद्र या राज्य सरकार की ओर से पर्याप्त फंड नहीं मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी पांधन सड़कों (कृषि मार्गों) का विकास अधूरा पड़ा है।

वर्तमान में, केंद्र और राज्य सरकारें एनएचएआई और एमएसआरडी प्राधिकरणों के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और जिला मार्गों का निर्माण करती हैं। इसी तर्ज पर किसानों की समृद्धि के लिए एमएमआरडीए की तरह ही पांधन रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी नामक एक नया प्राधिकरण स्थापित किया जाना चाहिए। इससे किसानों को कृषि भूमि तक सुगम मार्ग मिल सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

नागपुर जिला संगठन मंत्री दिनेश ठाकरे और भाजपा जिला मंत्री बालकिसन पालीवाल ने यह मांग उठाई है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य के राजस्व मंत्री एवं नागपुर जिला पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, और काटोल के विधायक चरणसिंग ठाकुर के माध्यम से इस प्राधिकरण की स्थापना के लिए आवश्यक निधि मंजूर कराई जाए। इसके साथ ही, विधायक चरणसिंग ठाकुर से भी आग्रह किया गया है कि वह राज्य सरकार के समक्ष किसानों के हित में पांधन सड़क विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव रखें।

कोंढाली क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बालकिसन पालीवाल और कृषि मित्र दिनेश ठाकरे ने राज्य सरकार से अपील की है कि किसानों के विकास के लिए इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर उचित कदम उठाए जाएं।

# मकड़े समाज और आरोग्य सेवा में बेहतर कार्य के लिए हुए सम्मानित



**कामठी.**

समाज व आरोग्य सेवा में बेहतर कार्य करने पर भीलगांव ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच व जिला परिषद पूर्व सदस्य मोहन माकडे को एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा सम्मानित किया गया है। भीलगांव में आयोजित निजी कार्यक्रम में एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय संजय रामटेके ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक अनाज, किराना, ऑक्सीजन सिलेंडर, दवा, जांच किट, पल्स ऑक्सीमीटर, आर्थिक मदद, स्कूल व कॉलेज किताबें, स्कूल यूनिफॉर्म आदि की निस्वार्थ व्यवस्था करने के लिए मोहन माकडे को सम्मानित किया गया।

वहीं 11111/- की निःशुल्क संविधान पुस्तक वितरण जनजागृति अभियान में जुड़कर कार्य करने की घोषणा की।

### अश्लील वीडियो कॉल और धमकी मामले में आरोपी को सजा

**9 साल की सजा सुनाई**

**नागपुर.** अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आरपी पांडे की कोर्ट ने एक 22 वर्षीय युवक को एक युवती को वीडियो कॉल पर अश्लील हरकतें करने के लिए मजबूर करने और उसे धमकी देने के मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत कुल 9 साल की सजा सुनाई है। जरीपटका पुलिस स्टेशन में , धारा 354 (बी), 354 (सी), 294, 504, 506 आईपीसी, सहधारा 12 पोक्सो, सहधारा 66 (डी) आईटी अधिनियम के तहत यह मामला दर्ज हुआ था। आरोपी आर्यन उर्फ वैभव राजू आवारी लोनार, तालुका समुद्रपुर, जिला वर्धा निवासी है जिसे कोर्ट ने दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को धारा 354 (बी) आईपीसी के तहत 3 साल की कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुर्माना, धारा 354 (सी) आईपीसी के तहत 1 साल की कठोर कारावास और 1,000 रुपये का जुर्माना, धारा 506 आईपीसी के तहत 2 साल की कठोर कारावास और 3,000 रुपये का जुर्माना, और धारा 66 (डी) आईटी अधिनियम के तहत 3 साल की कठोर कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# विश्व महिला दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नागपुर.**

स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था और सार्थक बहुउद्देशीय संस्था, नागपुर द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस कर्मियों और नागरिकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

इस शिविर में नेत्र जांच, रक्त जांच, दंत चिकित्सा, बीपी, शुगर, थायराइड और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचों की सुविधा दी गई। विशेष रूप से मुफ्त नेत्र जांच और चश्मों का वितरण योगिता संजय लहाने और शीबा उइके द्वारा किया गया।

साथ ही, आयरन और कैल्शियम की गोलियां, सीबीसी, थायरॉइड, हीमोग्लोबिन और रैंडम शुगर टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। इस आयोजन में संजय लहाने (दृष्टि तज्ञ सचिव, सार्थक संस्था), डॉ. श्रीरंग वराडपांडे, प्रशांत मिश्रा (सीईओ, क्लिक 2 क्लाउड), डॉ. ऋचा सुधंद (डेंटिस्ट), डॉ. सोमकुंवर मैडम, प्रमोद गणवीर, सुनील सरदार, प्रवीण विघरे, सोनाली घोड़मारे, राकेश कोट्टमवार (डिग्नो प्लस लैब), डॉ. अजय सारंगपुरे, कृष्णा भुसारी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।





शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और नागरिकों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# आधार मशीनों की संख्या एवं कार्य-दिवस बढ़ाने की मांग



**नागपुर.**

आज नागपुर शहर के तहसीलदार साहब को लोकप्रिय विधायक विकास भाऊ ठाकरे, नागपुर शहर अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में मनीष चांदेकर, शहर अध्यक्ष, पर्यावरण विभाग, नागपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी तथा सचिन मडके, रमेश ठाकरे, राजेश कांबळे, कुणाल निमगडे, सुभाष पेंढारकर, सचिन कापसे, कुणाल हिवसे, प्रशांत टेंभुर्णे, जितेंद्र खंडागले आदि कार्यकर्ताओं ने एक निवेदन सौंपा।

निवेदन में बताया गया कि आधार मशीनों के माध्यम से कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं, लेकिन कुछ केंद्रों पर ये सेवाएं केवल सोमवार से शुक्रवार तक ही उपलब्ध होती हैं। इसके विपरीत, कुछ स्थानों पर अवैध रूप से शनिवार को भी आधार मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इससे जनता को असुविधा हो रही है।

इसके अलावा, भगवान नगर पोस्ट ऑफिस में स्थित आधार केंद्र की मशीन पिछले चार दिनों से खराब है, जिससे वहां का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है और नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# दाभा में गंदगी ही गंदगी, सुबह की सैर बनी दुर्गंध यात्रा

## > सफाई अभियान सिर्फ दिखावा! हर बार कार्रवाई, लेकिन सिर्फ 'टेंपररी'

**वाडी.**

एक तरफ सरकार 'स्वच्छ भारत' का नारा बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी तरफ नागपुर का दाभा क्षेत्र कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है। वायुसेना ग्राउंड रोड हो या मारुति सेवा रोड, हर जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सुबह टहलने जाने वाले नागरिकों के लिए ताजी हवा लेना तो दूर, सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों पर बहती गंदगी और चारों ओर फैली दुर्गंध ने इस इलाके को 'कचरा जोन' बना दिया है।



सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले नागरिकों को सेहत बनाने के बजाय सड़ांध और गंदगी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासी इसे प्रशासन की लापरवाही करार दे रहे हैं। "हम ताजी हवा लेने आते हैं, लेकिन जहरीली बदबू से परेशान होकर लौटते हैं," एक नागरिक ने गुस्से में कहा।

खुले में पड़े कचरे से उठती दुर्गंध, मक्खी-मच्छरों का जमावड़ा और सीवर का बहता पानी दाभा को संक्रामक बीमारियों का केंद्र बना रहे हैं। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन प्रशासन अब तक आंखें मूंदे बैठा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ दिखावटी सफाई अभियान चलाता है।

जब भी मीडिया में खबरें आती हैं या नागरिक शिकायत करते हैं, तो कुछ सफाई कर्मचारी भेज दिए जाते हैं। कुछ दिन सफाई होती है, फोटो खींची जाती है, रिपोर्ट बनाई जाती है, और फिर सब भुला दिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों के फोटो-ऑप सफाई अभियानों से जनता तंग आ चुकी है। "अगर प्रशासन को सिर्फ कागजी कार्रवाई करनी है, तो हमें बेवकूफ बनाना बंद करें। हमें स्थायी समाधान चाहिए!" एक गुस्साए नागरिक ने कहा।

### प्रशासन की नींद कब टूटेगी?

नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम और सफाई विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। "क्या प्रशासन किसी बड़ी बीमारी या हादसे का इंतजार कर रहा है?" गुस्साए नागरिकों ने सवाल उठाया। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थानीय लोग मजबूरन सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कब जागेगा या फिर दाभा की सड़कों पर गंदगी का राज यूं ही चलता रहेगा!

स्थानीय लोगों ने साफ कर दिया है कि अगर इस बार भी सिर्फ टेंपररी सफाई कर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की गई, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

# वंडर गर्ल सृष्टि शर्मा ने फिर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**उमरेड.**

स्केटिंग के क्षेत्र में दुनिया भर में विख्यात वेकोलि उमरेड की लिम्बो स्केटिंग वंडर गर्ल सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा ने एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है. सृष्टि शर्मा ने लिम्बो स्केटिंग के विभिन्न रूपों में 9 बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है. इसके अलावा, सृष्टि ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर नई ऊंचाइयों को छू लिया. यह कार्यक्रम 28 फरवरी को सिद्धि रोलर स्केटिंग अकादमी द्वारा उमरेड तहसील के साईं धाम सिटी के पीछे, कलमाना रोड के बीच आयोजित किया गया था. सृष्टि 18 दिसंबर 2023 को मिलान (इटली) में बनाए अपने ही रिकॉर्ड फेस्टेस्ट टाइम तो लिम्बो स्वेट अंडर डिलोडिग पोल्स ओवर 50 मीटर्स में अपने पुराने समय 9.59 सेकंड को तोड़ने का प्रयास कर रही थी और उसने इतिहास रचते हुए अपने पहले प्रयास में 7.467 सेकंड का समय निकलकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. जैसे ही सृष्टि ने अपने पहले प्रयास में बार को पार किया बच्चे, अभिभावक और गणमान्य लोग खुशी से झूम उठे. वह अपने दूसरे प्रयास में 7.631 सेकंड और तीसरे और अंतिम प्रयास में 7.597 सेकंड का समय हासिल किया फेस्टेस्ट टाइम तो लिम्बो स्फेट अडर डिसेंडिंग पोल्स ओवर 50 मीटर्स सबसे तेज समय का न्यूनतम प्रयास 7.467 सेकंड है, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और वेरिफिकेशन करने के पश्चात तीन महीने के भीतर सत्यापन के बाद घोषित किया जाएगा. सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता धर्मेन्द्र, माता शिखा, बड़ी बहन सिद्धि और इस प्रयास को सफल बनाने में मदद करने वाले सभी लोगों को दिया है. कार्यक्रम में विद्यासागर चव्हाण (एसडीओ उमरेड तहसील), पंकज गायधने (सरपंच, वैगाव घोदुरली), कृष्ण कुमार मिश्रा, रंजन करपटाल (वरिष्ठ प्रबंधक), विनय अग्रवाल, अतुल कामनावर, किशोर नागपुरे, शाहनवाज अहमद आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन सरपल्ली उत्कर्षा ने किया.



# आधी रात को आग लगने से चार दुकानें जलकर खाक

**अकोला.**

शहर की पुरानी सब्जी मंडी में आधी रात के करीब भीषण आग लग गई। इस आग में चार दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। हालांकि आग लगने का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन इस घटना से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सौभाग्यवश, कोई हताहत नहीं हुआ, जो राहत की बात है।

घटना देर रात होने के कारण इलाके में भय का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों ने जैसे ही आग की लपटें और धुआं देखा, उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। आग बहुत बड़ी होने के कारण




तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आग में संबंधित दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। सब्जी मंडी की इन दुकानों में मुख्य रूप से फल, सब्जियां और किराने का सामान बेचा जाता था।

आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। परिणामस्वरूप व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। जिज्ञासावश एकत्रित हुई भीड़ बचाव प्रयासों में बाधा डाल रही थी। पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और क्षेत्र को खाली कराने का प्रयास किया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग लगने का वास्तविक कारण क्या था।

### आधिकारिक जांच चल रही है

अनुमान लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट, सिलेंडर विस्फोट या अन्य कारणों से लगी होगी। हालाँकि, इस संबंध में आधिकारिक जांच चल रही है। इस घटना से व्यापारियों में गहरी चिंता है तथा प्रभावित दुकानदारों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की जा रही है। प्रशासन जल्द ही पंचनामा प्रक्रिया भी शुरू कर सकता है।

# अमरावती एयरपोर्ट पर पापी हवाई कैलिब्रेशन सफलतापूर्वक पूरा

**अमरावती.**

अमरावती हवाई अड्डे ने हाल ही में प्रेसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर का इन-फ्लाइट कैलिब्रेशन सफलतापूर्वक पूरा किया, जो कि विमानतल के पूरी तरह से कार्यात्मक होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पीएपीआई प्रणाली विमानन सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो विमान को रनवे पर उतरते समय सही गाइड ढलान बनाए रखने में मदद करता है और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करता है।

इस कॅलिब्रेशन प्रक्रिया का उद्देश्य विमानतळ के बुनियादी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय विमानचालन सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाना है, जिससे विमानतळ की पूर्ण कार्यक्षमता का रास्ता तैयार हो सके।

पापी कॅलिब्रेशन का निरीक्षण महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने व्यक्तिगत रूप से किया। वे कॅलिब्रेशन फ्लाइट देखने के लिए मुंबई से अमरावती आई थीं।

भारतीय विमानतल प्राधिकरण और फ्लाइट



इन्स्पेक्शन यूनिट ने बीच एअर 360 इआर टर्बोप्रॉप विमान के माध्यम से कॅलिब्रेशन कार्य किया, जिसका नेतृत्व कैप्टन अनूप काचरू और विमानचालन तज्ञों ने किया। कॅलिब्रेशन के दौरान विमान ने अमरावती विमानतळ के 26/08 धावपट्टी से उड़ान भरी और सफलतापूर्वक प्रक्रिया पूरी की।

**अंतिम सुरक्षा परीक्षण किए जा रहा हैं**

अमरावती विमानतल पर पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर और अन्य सिविल वर्क्स पहले ही पूरा हो चुके हैं। अब, अंतिम सुरक्षा परीक्षण किए जा रहे हैं, और बहुत जल्द वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो जाएंगी। अलायन्स एअर मुंबई-अमरावती-मुंबई मार्ग पर एटीआर 72 विमान के साथ फ्लाइट शुरू करेगा।

# आंगनवाड़ी को मातोश्री रमाबाई आंबेडकर की प्रतिमा भेंट

**वर्धा.**

बुद्ध नगर गौरक्षण वॉर्ड स्थित अंगणवाड़ी गुट क्रमांक 16 में एकात्मिक बाल विकास योजना के तहत मातोश्री शकुंतलाबाई भोंगाडे (वर्ष 3) की स्मृति में भोंगाडे परिवार की ओर से मातोश्री रमाबाई आंबेडकर की प्रतिमा भेंट की गई। यह आयोजन 4 मार्च को संपन्न हुआ, जहां अंगणवाड़ी सेविका जवादे को यह प्रतिमा सौंपी गई।

इस अवसर पर बुद्ध नगर गौरक्षण वॉर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता पद्माकर कांबळे के हस्ते मातोश्री रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में रामचंद्र घंगारे, लाल बावटा कला मंच के संजय भगत, महाराष्ट्र रिपब्लिकन पक्ष के वर्धा जिला सचिव दिलीपराव वैद्य सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भोंगाडे परिवार के वसंतरावजी भोंगाडे, संजय भोंगाडे, शिल्पा भोंगाडे, अनिक भोंगाडे, नितीन



भोंगाडे, प्रीती भोंगाडे, कायरा भोंगाडे समेत कई सदस्य मौजूद रहे। साथ ही रोहित कांबले, शुभांगी कांबले और कुशल कांबले ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन सामाजिक समर्पण और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिससे समाज में मातोश्री रमाबाई आंबेडकर के विचारों को प्रेरणा स्वरूप प्रस्तुत किया जा सके।

# 17 मार्च का शासन आदेश रद्द करने के लिए राज्यव्यापी धरना आंदोलन

**वर्धा.** सरकारी आदेश के अनुसार, 2024-25 शिक्षा सत्र की मान्यता को अंतिम रूप दिया गया है। हालांकि, यह आदेश शिक्षा कानून की धाराओं और 28 अगस्त 2015 (संशोधित 8 जनवरी 2016) के नियमों के विपरीत है। इस आदेश से राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो जाएगी, जिससे हजारों शिक्षक अतिरिक्त हो जाएंगे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित होगी।

शिक्षकों की कमी के कारण स्कूलों में पढ़ाई बाधित होगी, जिससे कई अभिभावक अपने बच्चों को अन्य गांवों में भेजने के लिए मजबूर होंगे। इसका सीधा असर किशोर छात्र-छात्राओं की शिक्षा पर पड़ेगा, खासकर लड़कियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। अन्य गांवों में जाने-आने की समस्या के चलते कई बच्चे स्कूल जाना ही छोड़ सकते हैं। इस समस्या को लेकर 25 फरवरी 2025 को प्रत्यक्ष रूप से शासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक 15 मार्च 2024 के शासनादेश को रद्द नहीं किया गया है। इस आदेश से स्कूलों में शिक्षकों की संख्या प्रभावित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अधिकार बाधित होगा।

इन्हीं मुद्दों को लेकर महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने 17 मार्च 2025 को पूरे राज्य में धरना आंदोलन करने का ऐलान किया है। समिति के पदाधिकारियों ने सरकार से इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

# नागढाना के चाकर्दा में भीषण आग

## > सात से अधिक घर जलकर खाक, कई परिवार बेघर

**अमरावती.**

जिले के नागढाना के चाकर्दा में बीती रात अचानक लगी आग ने भारी तबाही मचाई। इस हादसे में बस्ती के सात से अधिक घर जलकर राख हो गए, जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं।

आग इतनी भीषण थी कि घरों में रखा कीमती सामान मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, खाद्य सामग्री और खेतों से लाया गया तूअर सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को अपना सामान बचाने का मौका ही नहीं मिला। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत



से अपने आशियाने बनाए थे, लेकिन कुछ ही घंटों में सब कुछ खत्म हो गया। इस त्रासदी के बाद अब कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं और उन्हें तत्काल मदद की आवश्यकता है।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और राहत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने गृहनिर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन से प्रभावित परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द राहत सामग्री और मुआवजा देने की बात कही है।

# प्रलंबित देयकों के शीघ्र भुगतान की मांग को लेकर ठेकेदारों का धरना आंदोलन




**वर्धा.**

सरकारी योजनाओं के तहत किए गए कार्यों के भुगतान में हो रही देरी के खिलाफ वर्धा जिला ठेकेदार कल्याण समिति की ओर से सार्वजनिक बांधकाम विभाग के परिसर में तीन दिवसीय धरना आंदोलन किया गया।

पिछले दो वर्षों में जिले के ठेकेदारों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत कार्य पूरे किए हैं, लेकिन अब तक उनके भुगतान नहीं किए गए हैं। कुल ₹250 करोड़ के प्रलंबित देयकों में से अब तक केवल ₹10 करोड़ का ही भुगतान किया गया है।

प्रलंबित भुगतान की जल्द से जल्द मांग को लेकर यह आंदोलन वर्धा सहित पूरे महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। ठेकेदारों ने सरकार से जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की है, ताकि उनकी आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सके।

# एसटी कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन, सरकार को दी चेतावनी

**हिंगनघाट.**

राज्य भर में अपनी लंबित वित्तीय मांगों को लेकर एसटी (राज्य परिवहन) कर्मचारी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज हिंगनघाट स्थित एसटी डिपो पर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार से अपनी मांगें पूरी करने की अपील की।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि उनकी वित्तीय और अन्य आवश्यक मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। उनकी मुख्य मांगों में बकाया वेतन, भत्तों का भुगतान और अन्य वित्तीय लाभ शामिल हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई, तो वे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में सभी एसटी कर्मचारी शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द इस मामले में उचित निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# पुलिस ने दी ईमानदारी की मिसाल

## > गश्त के दौरान मिला 1.75 लाख रुपये से भरा बैग बुजुर्ग दंपत्ति को लौटाया

**हिंगनघाट.**

पुलिस विभाग में ईमानदारी आज भी जीवित है, इसकी ताजा मिसाल हिंगनघाट शहर में देखने को मिली। गश्त के दौरान पुलिस को सड़क किनारे दो संदिग्ध बैग मिले, जिनमें 1.75 लाख रुपये नकद और एक चांदी की मोहर थी। पुलिस ने बैग के असली मालिक का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित रूप से लौटा दिया।

5 मार्च की रात करीब 1:50 बजे हिंगनघाट पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान एफबी टाउन क्षेत्र में सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे रेगजीन से भरे दो संदिग्ध बैग दिखाई दिए। हाल ही में हुई चोरियों के कारण पुलिस को संदेह हुआ कि यह किसी अपराध से जुड़ा हो सकता है। पुलिस जमादार नरेंद्र डहाके, चालक रवि पांडे और पुलिसकर्मी आकाश




कांबले ने बैग की जांच की, तो उसमें 1.75 लाख रुपये नकद और एक चांदी की मोहर मिली। पुलिस को शक हुआ कि यह किसी बुजुर्ग या जरूरतमंद व्यक्ति का हो सकता है, इसलिए उन्होंने तुरंत बैग में रखी पासबुक की मदद से मालिक का पता लगाने की कोशिश की।

पासबुक में दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करने के बाद पुष्टि हुई कि बैग त्रिंबकराव कामनापुरे नामक बुजुर्ग व्यक्ति का है, जो दापोरी, देवली के रहने वाले हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों को जगाकर पूछताछ की, जिससे यह साफ हुआ कि बुजुर्ग दंपत्ति ने गलती से अपना बैग सड़क किनारे भूल गया था। पुलिस ने जब त्रिंबकराव कामनापुरे और उनकी पत्नी को बुलाया और उनका बैग सुरक्षित रूप से लौटाया, तो उन्होंने पुलिस को धन्यवाद दिया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस उनके लिए भगवान के समान आई है।

इस ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिस जमादार नरेंद्र डहाके और उनकी टीम की खूब सराहना हो रही है। इस घटना से पुलिस विभाग की साख और जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# वाल्मीकि कराड को फांसी दिलाने शिवसैनिक आक्रामक

**बुलढाणा.**

बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस हत्या की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पूरे महाराष्ट्र में फिर से गुस्से की लहर भड़क उठी है। रेणुका देवी के पवित्र निवास से धन्य चिखली शहर भी इसका अपवाद नहीं था।

सत्तारूढ़ शिवसेना शिंदे गुट ने कुख्यात वाल्मीक कराड के आपराधिक व्यवहार और कुकृत्यों की कड़ी निंदा की । चिखली शिवसेना शिंदे गुट ने मामले के मुख्य आरोपी वाल्मीक कराड को फांसी देने की मांग की। बुधवार, 5 मार्च को चिखली शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर वाल्मीकि कराड की प्रतिष्ठित प्रतिमा पर जूते फेंककर और प्रतिमा को जलाकर हिंसक विरोध प्रदर्शन किया गया ।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व शिवसेना चिखली शहर प्रमुख विलास घोलप ने किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख ओमसिंह राजपूत, उप जिला प्रमुख शिवाजी बापू देशमुख, युवा सेना उप जिला प्रमुख रोहित खेडेकर, पूर्व उप तालुका प्रमुख कपिल खेडेकर, युवा सेना तालुका प्रमुख गोपी लहाने सहित अनेक पदाधिकारी व शिवसैनिक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# 'सर' न कहने पर पुलिस अधिकारी को आया गुस्सा

**यवतमाल.**

एक पुलिस इंस्पेक्टर ने एक कूरियर सेवा के डिलीवरी बॉय से नाराज होकर उसे सिर्फ इसलिए गाली दे दी क्योंकि उसने उसे 'सर' नहीं कहा था। इसके बाद वे चार पुलिस अधिकारियों के साथ कूरियर के कार्यालय गए और उसकी पिटाई कर दी। 23 फरवरी को अरनी में हुई इस घटना ने पुलिस को सकते में डाल दिया है। फिलहाल, बातचीत का ऑडियो और पिटाई का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

धीरज गेडाम, आर्णी निवासी सनराइज लॉजिस्टिक्स में डिलीवरी बॉय हैं। अरनी पार्सल डिलीवरी मैन के रूप में काम करता है। यह पार्सल आर्णी पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर केशव ठाकरे के नाम से आया था। उस पर केवल केशव ठाकरे, अरनी और एक मोबाइल नंबर लिखा था। पुष्टि करने के लिए डिलीवरी बॉय ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया और पूछा कि क्या केशव ठाकरे बोल रहे हैं। यह पूछने पर थानेदार केशव ठाकरे भड़क गए और बोले, 'क्या केशव ठाकरे आपका नौकर है? क्या आपको नहीं पता कि वह किससे बात कर रहा है?' क्या मैं यहां पुलिस अधिकारी हूं? यह कहते हुए उसने लड़के को लाख गालियाँ दीं और धमकी दी कि वह जहाँ भी हो, उसके पास आऊँगा और उसे दिखा दूँगा कि वह कौन है।

# अपराधियों ने की पीटकर बुजुर्ग की हत्या

## > परिजनों ने शव को थाने के बाहर रखकर किया प्रदर्शन

**बुलढाणा.**

चार लोगों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने और धारदार चाकुओं से पिता-पुत्र पर किये गए हमले से पिता की मौत हो गई,वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान रघुनाथ गाडे के रूप में हुई है। हत्या के आरोपियों को पकड़ने के लिए परिजनों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। परिजनों ने शव को थाने के बाहर रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस ने कार्रवाई की मांग की। इसी के साथ चेतवनी दी कि, जब तक आरोपियों को नहीं पकड़ा जाएगा तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

खामगांव तहसील के शेलोडी में दो परिवारों के बीच पुराना विवाद फिर भड़कने के बाद यह हत्या हुई। इस हमले में रघुनाथ गाडे की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे गोपाल गाडे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अकोला ले जाया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई गई है। शेलोडी निवासी रघुनाथ गाडे और पवन दशरथ बनैत के परिवार के बीच पिछले कुछ दिनों से पुराना विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते पवन बनैत ने रघुनाथ गाडे को 'एक दिन जान से मारने की धमकी'



दी थी। गाडे और बनई परिवारों के बीच विवाद शांत होने के बजाय और बढ़ गया।

इसी बीच रात में घर के सामने कार पार्क करने की मामूली बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद फिर से भड़क गया। इसी दौरान पवन बनैत ने धारदार हथियार से रघुनाथ गाडे पर बेरहमी से हमला कर दिया। अपने पिता को बचाने आए गोपाल गाडे को भी उसने हथियार से पेट में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर गाडे परिवार ने घायलों को खामगांव के उप-जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया। रघुनाथ गाडे की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि गोपाल गाडे की हालत गंभीर होने के कारण उसे आगे के इलाज के लिए अकोला स्थानांतरित कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर है और डॉक्टर उसकी जान बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

इस मामले में मृतक रघुनाथ गाडे के भतीजे मनोहर गाडे ने खामगांव ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। खामगांव ग्रामीण पुलिस ने चार आरोपियों पवन दशरथ बनैत, मनोरमा दशरथ बनैत, दशरथ आत्माराम बनैत और मोहन दशरथ बनैत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 118(2), 351(2)(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच उपनिरीक्षक रांची पुसाम द्वारा की जा रही है। इस घटना से शेलोडी गांव में तनाव पैदा हो गया है और खामगांव ग्रामीण पुलिस स्थिति पर नजर रख रही है।

### शव को पुलिस स्टेशन में रखा गया

इस बीच, रघुनाथ गाडे के शव को उनके रिश्तेदारों और शेलोडी के कुछ ग्रामीणों के साथ खामगांव ग्रामीण पुलिस स्टेशन में रखा गया। वे सभी शव को नीचे रखकर लगभग आधे घंटे तक वहीं बैठे रहे। गुस्साए रिश्तेदारों ने घटनास्थल से न हटने तथा हमले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक अंतिम संस्कार न करने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया। हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और खामगांव ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के समझाने के बाद, परिजनों ने लगभग आधे घंटे के बाद अघोषित विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया। इसके अलावा रिश्तेदार रघुनाथ गाडे के पार्थिव शरीर को लेकर शेलोडी के लिए रवाना हो गए। इससे पुलिस ने राहत की सांस ली।

# औरंगजेब पर बयान देना पड़ा भारी

## > विधायक अबू आजमी विधानसभा से निलंबित
## > नवनीत राणा ने किया निलंबन का स्वागत

**अमरावती.**

समाजवादी पार्टी के नेता और मानखुर्द-शिवाजीनगर से विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा सत्र की समाप्ति तक निलंबित कर दिया गया है। अबू आजमी ने अपने बयान में कहा था कि "औरंगजेब क्रूर प्रशासक नहीं था", जिससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया।

अबू आजमी ने अपने बयान में कहा था कि "गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, वह एक अच्छा प्रशासक था और उसने राज्य को अच्छे से चलाया। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धर्म को लेकर नहीं, बल्कि राज्य के मामलों को लेकर थी।" उन्होंने यह भी कहा कि औरंगजेब के समय में



भारत की जीडीपी 24 प्रतिशत थी और भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। अबू आजमी के बयान के बाद महाराष्ट्र सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। भाजपा नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा ने इस फैसले का स्वागत किया और कहा, "जिस तरह से देवेंद्र फडणवीस सरकार ने कार्रवाई की, उससे मैं खुश हूं।" उन्होंने यह भी मांग की कि औरंगजेब की मजार को भी महाराष्ट्र से हटा देना चाहिए। अबू आजमी के इस बयान की चौतरफा आलोचना हुई, जिसके बाद उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें विधानसभा सत्र की समाप्ति तक निलंबित कर दिया है।

औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र में हमेशा से राजनीतिक और सांस्कृतिक मतभेद रहे हैं। शिवसेना और भाजपा समेत कई हिंदुत्ववादी संगठनों का मानना है कि औरंगजेब छत्रपति शिवाजी महाराज और हिंदू संस्कृति के खिलाफ था। इसलिए अबू आजमी के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया गया और उनकी विधानसभा से निलंबन की मांग उठी, जिसे महाराष्ट्र सरकार ने स्वीकार कर लिया।

# कीवी की फाइनल में एंट्री

## दुबई में रविवार को भारत से साथ फाइनल खेलेंगी न्यूज़ीलैंड

### डेविड मिलर की शतकीय पारी गई बेकार



**लाहोर.**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच को न्यूजीलैंड ने 50 रनों से अपने नाम किया और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब टूर्नमेंट का फाइनल 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में खेला जाएगा। इस मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने इस मैच में 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 362 रन बनाए। कीवी टीम की तरफ से रचिन रवींद्र और केन विलियमसन ने शानदार शतक लगाया।

रचिन ने 108 और केन विलियमसन ने 102 रन बनाए। वहीं ग्लेन फिलिप्स ने अंत में 27 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी की बात करें तो साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट लिए। वहीं कगिसो रबाडा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका के तरफ से भी इस मैच मे डेविड मिलर ने शानदार शतक लगाया, लेकिन उनकी वो पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मिलर 67 गेंदों में शतक बनाकर नाबाद लौटे। उनके अलावा कप्तान टेम्बा बावुमा और रासी वैन डर डुसेन ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। पूरे 50 ओवर बैटिंग करने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 312 रन ही बना सकी। अब फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम से होगा. चैम्पियंस ट्रॉफी का यह खिताबी मुकाबला 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. बता दें कि भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में एंट्री की थी. इससे पहले, रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में 362 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया है. लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को विल यंग और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने ठोस शुरुआत दिलाई. विल यंग 21 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद क्रीज पर आए विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए रचिन के साथ मिलकर 164 रनों की साझेदारी की. रचिन ने 108 रनों की पारी खेली,





### अफ्रीका को 50 रन से हराया

218 रनों पर आठ विकेट गिरने के बाद डेविड मिलर ने तूफानी शॉट्स लगाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. मिलर ने मैच की आखिरी गेंद पर दो रन लेकर अपना शतक भी पूरा किया. मिलर ने 67 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सेंटनर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं ग्लेन फिलिप्स और मैट हेनरी को दो -दो विकेट हासिल हुए. माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र ने भी एक-एक विकेट झटका.

# हाई वोल्टेज जनसुनवाई में प्रस्तुत किया गया दर कम करने का प्रस्ताव

### गर्माया महंगी बिजली का मुद्दा

**नागपुर.**



महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) द्वारा मंगलवार को महावितरण की दायर याचिका पर आयोजित ऑनलाइन जनसुनवाई में कृषि बिजली आपूर्ति और महंगी बिजली का मुद्दा गर्माया। विविध संगठनों और ग्राहकों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

सुनवाई सदर स्थित जिला नियोजन समिति के सभागृह में हुई, जहां किसानों से लेकर सौर ऊर्जा परियोजनाओं तक के मुद्दों पर चर्चा गर्माई। आयोग की नागपुर जनसुनवाई में पहली बार महावितरण द्वारा बिजली दर कम करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, मात्र कई संगठनों द्वारा शुल्क में बढ़ोतरी करने का आरोप लगाया गया। सुनवाई में प्रमुख रूप से कृषि कार्यों के लिए बिजली आपूर्ति का समय, सौर ऊर्जा से जुड़े मुद्दे और बिजली टैरिफ का मुद्दा उठाया गया।

इसके अलावा, नए टैरिफ संरचना पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। यह जनसुनवाई महाराष्ट्र के नागरिकों और अन्य संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, क्योंकि यह तय करेगा कि बिजली की दरों का नया ढांचा कैसे आकार लेगा। महावितरण ने इस वर्ष पहली बार टैरिफ कम करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, लेकिन उद्योगों ने इसके खिलाफ कई चिंताएं जताई हैं। चंद्रपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के ईशांत गोयल ने कहा कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में बिजली दरें बहुत अधिक हैं, जिसके कारण कई उद्योग उत्तर प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। कौशल सिद्दीकी ने सौर परियोजनाओं में किए गए निवेश का हवाला देते हुए कहा कि प्रस्तावित आठ घंटे की अवधि से उद्योगों को नुकसान होगा। -अन्य उद्योग प्रतिनिधियों ने भी सौर ऊर्जा नीति में स्थिरता और अतिरिक्त शुल्क लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। आर. बी. गोयनका ने कहा, "मेरे जैसे कई ईमानदार उपभोक्ताओं को कृषि भुगतान नहीं मिल पा रहे हैं। महावितरण को बिजली खरीद दरों में कमी पर ध्यान देना चाहिए। "इस प्रस्ताव से पारंपरिक विद्युत उत्पादन प्रभावी हो सकता है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा संकट को और बढ़ा सकता है।' राज्य में इस मुद्दे को लेकर आगे और भी विरोध प्रदर्शन और बहस की उम्मीद जताई जा रही है।

### कई संगठनों ने दर्ज की आपत्ति

गोपाल राठी- महावितरण का घाटे का दावा गलत है। मुंबई में अडानी 1,000 यूनिट से ज्यादा उपयोग पर 11 रुपये प्रति यूनिट बिजली देता है, जबकि नागपुर में महावितरण 20 रुपये चार्ज करता है। अनिल वडापल्लीवार नागपुर के पास कोराडी और खापरखेड़ा जैसे बड़े पावर प्लांट होने के बावजूद बिजली इतनी महंगी क्यों है। महंगी बिजली के कारण उद्योग दूसरे राज्यों में जा रहे हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। आनंद संघई- लाखों मीटर बंद पड़े हैं, लेकिन बदले नहीं जा रहे, जिससे किसानों को बिजली कटौती का दोषी ठहराया जा रहा है। श्रीराम सातपुते (उपभोक्ता पंचायत) किसानों को रुफटॉप मीटर लगाने के लिए मजबूर न किया जाए और हर तालुका में उपभोक्ता निवारण केंद्र बनाए जाएं।

# आज़मी के विधानसभा से निलंबन को लेकर सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**नागपुर/कामठी.** महाराष्ट्र प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबू असीम आजमी को विधानसभा से पूरे सत्र के निलंबन किए जाने पर समाजवादी पार्टी नागपुर महानगर क्षेत्र की ओर से तीव्र विरोध प्रदर्शन किया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हर व्यक्ति को अभिव्यक्ती करने की संविधान में दी गई आजादी को नजरअंदाज कर कुचक्रकर अबू आसिम आजमी को निलंबित किया गया। विरोध प्रदर्शन में नारे लगाकर आजमी साहब आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है, प्रदेश की भाजपा सरकार मुर्दाबाद, आजमी साहब का निलंबन तुरंत रद्द करो ऐसी मांग की गई। उपरोक्त घटना पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई कि निलंबन तुरंत रद्द नहीं हुआ तो पूरे महाराष्ट्र प्रदेश में तीव्र जन आंदोलन छेड़ा जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की होगी। प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र प्रदेश महिला सभा की अध्यक्षा माया चवरे एवं नागपूर महानगर क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शर्मा संयुक्त रूप से किया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव डॉ. विलास सुरकर, प्रदेश महासचिव ताज मोहम्मद, प्रदेश सचिव इजहार अली, सुरेश मोटघरे, डॉ. हुमणे, आशाताई निमगड़े, सीताबाई सनेश्वर, रुक्मिणी शेन्डे, वर्षाताई ढवळे, क्षमा जैन, संगीता शेन्डे, कल्पना बाराहाते, संगीता गजभिये सहित बहुसंख्य महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेडिकल में स्ट्रेचर पर ढो रहे निर्माण सामग्री

### नवीनीकरण के नाम पर मनमर्जी





**नागपुर.** 75 साल पुराने मेडिकल अस्पताल में सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 514 करोड़ रुपए की मंजूरी सरकार ने दी है। इस राशि से मेडिकल में विकासकार्य शुरू है। मेडिकल के भीतर व बाहर निर्माण कार्य चल रहा है। अनेक स्थानों पर सुविधाओं का अपग्रेडेशन हो रहा है, लेकिन अधिकतर काम राम भरोसे चल रहा है।

हास्यास्पद यह कि निर्माण कार्य की सामग्री ढोने के लिए स्ट्रेचर का उपयोग किया जा रहा है। दिन भर सैकड़ों डॉक्टरों, कर्मचारियों व अधिकारियों की आवाजाही होती है, लेकिन किसी की इस पर नजर नहीं पड़ रही, जबकि मेडिकल में आनेवाले मरीजों के लिए जब स्ट्रेचर की जरुरत पड़ती है, तो उन्हें नियम गिनाए जाते हैं।

मेडिकल की पुरानी मुख्य इमारत के भीतर आवाजाही के मार्ग पर टाइल्स निकालकर ग्रेनाइट लगाया जा रहा है। वहीं कुछ स्थानों की मरम्मत व अन्य कार्य शुरू है। इन कामों के लिए जरूरी सामग्री ढोने के लिए स्ट्रेचर का उपयोग किया जा रहा है, जबकि स्ट्रेचर मरीजों को लाने-ले जाने के लिए होते हैं। मेडिकल में आने वाले गंभीर मरीजों को वार्ड में भर्ती करने के लिए स्ट्रेचर की आवश्यकता होती है। जब स्ट्रेचर मांगा जाता है तो परिजनों को आधार कार्ड या अन्य कोई दस्तावेज मांगा जाता है। स्ट्रेचर लौटाने पर यह दस्तावेज वापस किये जाते हैं।

सर्जरी कैजुअल्टी में मोबाइल वैन धूल खा रहे हैं। जब तक भीतरी रास्तों का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता तब तक यह मोबाइल वैन नहीं चल सकती। मरीजों को यहां से वहां लाने-ले जाने में काफी समस्या आ रही है। पुरानी इमारत के किचन के पास का हिस्सा जर्जर होने से वहां से आवाजाही बंद कर दी थी। नई इमारत की दरकार है, लेकिन प्रस्ताव नहीं बन पा रहा है। पुरानी इमारत की ही मरम्मत कर चमकाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर निर्माणकार्य की सामग्री पड़ी है।

### मोबाइल पर एक्स-रे की फोटो

मेडिकल में पहले सभी काम ऑनलाइन हुआ करते थे। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीज की सारी जानकारी संबंधित डॉक्टर कक्ष में पहुंच जाती थी। जब से ऑनलाइन सेवा बंद हुई है, तब से डॉक्टरों को पर्ची लिखनी पड़ती है। मरीजों का डेटा वन क्लिक पर उपलब्ध नहीं होता। केवल रजिस्ट्रेशन व शुल्क भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। इससे सबसे बड़ी समस्या एक्स-रे के लिए आनेवाले मरीजों को आ रही है। उन्हें मोबाइल पर एक्स-रे की फोटो निकालकर संबंधित डॉक्टरों को दिखानी पड़ती है। जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं होता या जिनके फोन का कैमरा क्लियर इमेज नहीं लेता उन्हें परेशानी हो रही है।

# राजनीति में शुचिता की आवश्यकता: पूर्व विधायक अजय चौरे



**छिंदवाड़ा.** लोकसभा क्षेत्र में बीते दो दिनों से चल रही राजनीतिक बयानबाजी पर पूर्व विधायक अजय चौरे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन यह वैमनस्य तक नहीं जाना चाहिए। अजय चौरे, जो फिलहाल स्वास्थ्य कारणों से भोपाल में हैं, ने सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजनीति में गलतियां हो सकती हैं, लेकिन जनता के प्रति हमेशा सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखना चाहिए। उन्होंने संतों के उपदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता का अपमान किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। अजय चौरे ने अपने छोटे भाई और छिंदवाड़ा के वर्तमान विधायक विजय चौरे को भी नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें शुचिता की राजनीति अपनानी चाहिए। यदि उनके किसी बयान से जनता में गलत माहौल बन रहा है, तो उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके पिता, स्वर्गीय रेवनाथ चौरे ने हमेशा पवित्रता की राजनीति की और परिवार को भी किसी को ठेस न पहुँचाने की शिक्षा दी। जनता ही नेता को चुनती है और उसे सम्मान देती है, इसलिए किसी भी पद पर रहने या न रहने से सेवा का भाव नहीं बदलना चाहिए। अजय चौरे ने छिंदवाड़ा के वर्तमान सांसद बंटी साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अभी उन्हें निर्वाचित हुए सिर्फ 11 महीने हुए हैं, जबकि उनका कार्यकाल 5 वर्षों का है। ऐसे में उन पर प्रशासन पर नियंत्रण न रख पाने का आरोप लगाना अनुचित है। उन्होंने सांसद द्वारा छोटे-छोटे गाँवों में 100 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन को एक मिसाल बताया और कहा कि जिले में वे जनता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शासन और प्रशासन की वर्षों पुरानी कमियों को एक वर्ष में

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 136-0 | 149-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 700-7 | 789-4 |

# आंधी तूफान से बचाव के लिए पेड़ों की छटाई की आवश्यकता



**नागपुर.** आंधी तूफान का भरोसा नहीं वह कभी भी आ सकते हैं, इनके आने से तबाही तो मचती ही है, पेड़ तक गिर जाते हैं। शहर में कुछ पेड़ इस प्रकार से बड़ गये हैं कि वे शायद ही तूफ़ान का मुकाबला कर पाएं। उनकी छटाई पर उचित ध्यान न दिए जाने के कारण उनकी टहनियां एक ओर काफी अधिक बढ़ गई हैं। आंधी तूफान से भार के कारण टहनियों समेत पेड़ रोड़ पर गिर सकते है और टहानियां, वाहनों और इंसानों पर मुसीबत का पहाड़ बन सकती हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया प्रभारी डॉ एम ए रशीद ने संबोधित विभाग को सुझाव दिया है कि शहर के ऐसे सभी पेड़ जिनकी टहनियां रोड के ऊपर काफी अधिक बढ़ गई हैं उनकी छटाई इस प्रकार से करवाई जाए कि पेड़ की वृद्धि सीधे ऊपर की ओर हो और निकलने वाली टहनियां इधर उधर न बढ़ सकें।

# बोरगांव में जल संरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सौंसर.** ग्राम पंचायत बोरगांव एवं सद्भावना मंच के पदाधिकारियों ने जल संरक्षण को लेकर जल संसाधन विभाग के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि अज्ञात लोगों द्वारा जलाशय का गेट खोलने से पिछले पांच दिनों से लगातार पानी नाले में बह रहा है। गेट में लकड़ी फंसने के कारण यह ठीक से बंद नहीं हो पा रहा है, जिससे जलाशय का जल स्तर तेजी से कम हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जल संकट गहरा सकता है, लेकिन इसके बावजूद विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्राम वासियों और सद्भावना मंच के पदाधिकारियों ने मांग की है कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि जलाशय में पानी संरक्षित रह सके और भविष्य में पानी की किल्लत न हो। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया वॉकथॉन का आयोजन

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन







**नागपुर.** देश के अग्रणी बैंकों में से एक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में, नागपुर क्षेत्र प्रमुख एम वी एन रविशंकर की अगुवाई में दिनांक 2 मार्च को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन के अंतर्गत न्यूनतम 3 किलोमीटर की पैदल यात्रा आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय की सभी महिला कर्मचारियों एवं समस्त कार्यपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही दिनांक 3 मार्च को नागपुर क्षेत्रीय कार्यालय सहित बैंक की विभिन्न शाखाओं में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पुणे अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक नवीन जैन द्वारा किया गया। उक्त आयोजन "एम्पावर हर समिति द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों को कैरियर परामर्श, कौशल विकास, व्यवहार प्रशिक्षण एवं समग्र समर्थन प्रदान करना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने केंद्रीय कार्यालय, सभी आंचलिक एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में इस समिति का गठन किया है। "एम्पावर हर" समितियां शुरुआत से ही एक सक्रिय शक्ति रही हैं और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए विभिन्न योजनाबद्ध गतिविधियाँ कर रही हैं। इसी क्रम में, 2 मार्च को वॉकथॉन तथा 3 मार्च को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक केशव, उप क्षेत्र प्रमुख राजेश यादव, एस शिवकुमारन एवं एमएलपी प्रमुख अजीत लगजोमजी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं उनके समग्र स्वास्थ्य और विकास को बढ़ावा देना है, जो बैंक के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संगठनात्मक समावेशन को दर्शाता है।

